

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

राज ने विधानसभा चुनाव परिणाम पर उठाए सवाल

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 277 ■ शुक्रवार, 31 जनवरी 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# कैम्प-5 में जुए के अड्डे पर छापा, 5 गिरफ्तार

■ शहर में जुआ व मटके के अड्डे जोरों पर

■ उल्हासनगर पुलिस थाना चुप क्यों?



उल्हासनगर। हिललाईन पुलिस क्षेत्र में एक जुए के अड्डे पर पुलिस ने छापा मारकर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह छापा नजामी गारमेंट गली, सर्वानंद अस्पताल के पीछे, जय जनता कॉलोनी में मारा गया जहां शाम परिमल दास, वेंकटेश बाबू शेट्टी, राजेश जेसवानी, मोहम्मद वशी अली अंसारी और मटका जुआ के मालिक अविनाश बामणे शामिल हैं। पुलिस ने महाराष्ट्र जुआ अधिनियम 1887 की धारा 4 और 5 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की है।

ज्ञात हो कि उल्हासनगर शहर में जुआ व मटके के अड्डे जोरों पर चल रहे हैं। उल्हासनगर पुलिस थाना क्षेत्र में जुआरियों को पुलिस का संरक्षण पूरी तरह प्राप्त हैं। उल्हासनगर-2 नेहरू चौक परिसर में विक्की उज्जैनवाल बिंदास अड्डा चला रहा है। फक्कड़ मंडली में शंकर कुकरेजा का जुआ अड्डा ऐसा है जो साल के 365 दिन चालू रहता है इसे परिरसर में मच्छी मार्केट के पास कमलेश, भाजी मार्केट में छोटा सरदार, कराची मटे के पीछे लोटा जैसे शातिर अपराधी इन दिनों जुआ मटके के अड्डे धड़ल्ले से चला रहे हैं। पुलिस उपायुक्त परिमंडल-4 में जुआ, मटका, ऑनलाइन जुआ, डांस बार आदि से अगर मुक्त नहीं किया तो यहां अपराधों में वृद्धि होती रहेगी।

# मनपा इमारत बेहद खतरनाक

## मुख्यालय को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने के सीएम ने दिए आदेश







### अवैध स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई होगी

ठाणे जिले में अवैध स्कूलों के खिलाफ नोटिस जारी करने और मामले दर्ज करने जैसी कार्रवाई की जा रही है, लेकिन फिर भी स्कूल चल रहे हैं, जिससे छात्रों को नुकसान हो रहा है। विधायक संजय केलकर ने ऐसे स्कूलों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की मांग की। इसलिए, कई स्कूलों को सरकार से आशय पत्र प्राप्त हो चुके हैं। हालाँकि, प्रस्तावों को मंजूरी का इंतजार है। भवन निर्माण को निर्माण पूर्णता प्रमाण पत्र नहीं मिलता है। इसलिए ऐसे स्कूल भी अवैध स्कूलों की सूची में आते हैं, ऐसा मुद्दा पूर्व मंत्री रवींद्र चव्हाण ने उठाया। स्कूलों का निरीक्षण किया जाना चाहिए और तदनुसार उनका वर्गीकरण किया जाना चाहिए। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने निर्देश दिए कि नियमों का पालन न करने वाले स्कूलों को बंद करने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने सातारा और सांगली की तर्ज पर ठाणे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मॉडल स्कूल और स्मार्ट स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने के भी निर्देश दिए।

**उल्हासनगर.** बुधवार को हुई ठाणे जिला नियोजन समिति की बैठक में यह बात सामने आई कि उल्हासनगर महानगरपालिका मुख्यालय भवन का निर्माण बेहद खतरनाक हो गया है। उपमुख्यमंत्री तथा ठाणे जिले के पालकमंत्री एकनाथ शिंदे ने बैठक में आश्वासन दिया कि नए भवन के निर्माण के लिए आवश्यक निधि नगर विकास विभाग के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी. साथ ही इस भवन को तत्काल अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने का आदेश दिया।

उल्हासनगर महानगर पालिका भवन में एक बेसमेंट तथा दो मंजिलें हैं। यह इमारत 40 से 45 साल पुरानी है। इस इमारत के खंभों में दरारें पड़ गई हैं और यह बात सामने आई है कि यह इमारत बेहद खतरनाक है। भाजपा विधायक कुमार आयलानी ने बुधवार को आयोजित ठाणे जिला योजना समिति की बैठक में यह मुद्दा उठाया और इस संबंध में तत्काल निर्णय लेने के निर्देश दिए। इस भवन में अधिकारी और कर्मचारी रहते हैं। शहर के निवासी यहां काम के लिए आते हैं। इस वजह से हर दिन चार से पांच सौ लोग इमारत में घूमते हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि यदि कोई दुर्घटना हो जाए तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा।

मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने स्पष्ट किया कि महानगर पालिका की इमारत अत्यंत खतरनाक है। मनपा भवन के खंभे टूट गए हैं। भवन का स्ट्रक्चरल ऑडिट किया गया, जिससे यह स्पष्ट है कि यह इमारत अत्यंत खतरनाक है। आव्हाले ने बताया कि इसके चलते मनपा मुख्यालय कार्यालय को स्थानांतरित करने के लिए वैकल्पिक स्थान भी ढूंढ लिया गया है। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने मुख्यालय कार्यालयों को तत्काल वैकल्पिक स्थान पर स्थानांतरित करने का आदेश देते हुए आश्वासन दिया कि नए भवन के लिए आवश्यक धनराशि शहरी विकास विभाग के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाएगी।


# ठाणे जिला नियोजन समिति की बैठक रेगुलराइज का मुद्दा उठा



■ उपमुख्यमंत्री ने दिए आयुक्त को निर्देश

ठाणे जिला नियोजन समिति की बैठक में विधायक कुमार आयलानी ने उल्हासनगर शहर की इमारतों को रेगुलराइज करने का मुद्दा और रेडी रेकनर रेट का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जिस पर पालक मंत्री व उपमुख्यमंत्री ने मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले को निर्देश दिया कि वरीयता पर यह मुद्दा सुलझाया जाए। आयलानी की मांग के अनुसार लोगों को जिसमे सहूलियत हो उस तरह से रेट लगाकर इस मुद्दे का समाधान किया जाए। इस दौरान आयुक्त मनीषा आव्हाले ने बताया कि प्रक्रिया शुरू की गई है। जिला नियोजन समिति की बैठक में आयलानी ने शहर के विकास के मुद्दे को लेकर रेगुलराइजेशन प्रक्रिया में तेजी लाने, मनपा की नई इमारत, विविध सड़कों, एंटीलिया श्री विसर्जन घाट को पर्यटन क्षेत्र घोषित कर उसके विकास के लिए निधि, मेट्रो ट्रेन मार्ग के काम को शुरू करने, शहर के लिए 140 द. ल. लीटर पानी देने के लिए बैठक बुलाने, मध्यवर्ती अस्पताल में ओपीडी के लिए तल व तीन मंजिला की इमारत के निर्माण, शांति नगर से साईं बाबा मंदिर तक उड़ान पुल, पानी का स्वतंत्र स्रोत विकसित करने, मध्यवर्ती अस्पताल का दर्जा बढ़ाकर उसे 400 बेड का करने, मध्यवर्ती अस्पताल के डायलिसिस विभाग में आरओ प्लांट लगाने, आरटीओ कार्यालय, मनपा के रिक्त पदों को भरने समेत अन्य जनहित के मुद्दों पर निधि की मांग की।

# उल्हासनगर में कचरे की समस्या बरकरार



■ सालाना करोड़ों का भुगतान करती है मनपा

■ कोणार्क इंफ्रा कंपनी है निजी कचरा ठेकेदार

■ शहर के कई इलाकों में कचरे की समस्या

■ स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी

■ शहर में जीरो गारबेज का सपना दिखाया गया

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका के स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के कारण शहर के कई इलाकों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ज्ञात हो कि उल्हासनगर मनपा प्रशासन द्वारा 8 वर्षों के लिए 2022 से 2030 तक शहर से कचरा उठाने का ठेका निजी ठेकेदार कोणार्क इंफ्रा को करोड़ों में दिया हुआ है बावजूद आज भी शहर में कचरे की समस्या कायम बनी हुई है। शहर के कई इलाकों में कचरों के अंबार देखे जा सकते हैं खास तौर पर उल्हासनगर 1 तिलक नगर इलाके में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिसकी वजह से परिसर में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। साथ ही कचरे से निकलने वाली दुर्गंध से भी नागरिक परेशान हैं। चूहों की संख्या बढ़ गई है। निवासियों को ऐसे दुर्गंध भरे वातावरण में रहना पड़ रहा है। उल्हासनगर महानगरपालिका से इस संबंध में शिकायत करने के बावजूद भी कचरे का ढेर पड़ा हुआ है। यहां के नागरिकों ने नई आई मनपा आयुक्त से अनुरोध किया कि उन्हें इस समस्या से छुटकारा दिलाएं। जब कोणार्क कंपनी को ठेका दिया गया तो जीरो गारबेज का वादा किया गया था वो शहर के लिए सपना ही रह गया है।

# श्मशान भूमि के प्लॉट को हड़पने का प्रयास

■ बच्चों के दफन भूमि को हड़पने की साजिश

■ पुलिस में एफआईआर दर्ज



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर शहर में यूं तो भूमाफियाओं ने शौचालय, उद्यान व सरकारी पैसेज व सड़कों तक की जमीनों पर कब्जा किया हुआ था लेकिन इस बार तो उन्होंने श्मशान भूमि की जमीन को भी नहीं बक्शा है। खबर मिली है कि उल्हासनगर-4 के श्मशान भूमि के प्लॉट को हड़पा जा रहा। बच्चों के दफन भूमि को हड़पने की साजिश कुछ भूमाफियाओं द्वारा की जा रही है जिसके चलते मुक्तीधाम सामाजिक संस्था उल्हासनगर-4 के ट्रस्टी हरीश किशनानी ने विठ्ठलवाड़ी पुलिस थाने में 17 जनवरी 2025 को एफआईआर दर्ज कराई है। है। उन्होंने शिकायत में बताया कि 20 दिसंबर 2024 को रात 10.30 बजे कोई व्यक्ति काल भैरव के मंदिर को तोड़कर मूर्ति बाहर निकालकर रखी है। जांच पर पता चला कि श्मशान की देखरेख करने वाले आकाश राजु गावडे ने यह कृत्य किया है। उसने किसके कहने पर अथवा क्यों किया है इसकी जांच पुलिस कर रही है। श्मशान भूमि के प्लॉट को हड़पे जाने से लोगों ने आश्चर्य व्यक्त किया है।

## ट्रांसफार्मर से 450 किलो तांबा चोरी

**बदलापुर.** उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए ट्रांसफार्मर से 450 किलो तांबा और ऑयल चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जबकि तीन अन्य अभी भी फरार है. महावितरण के खरवई स्थित ट्रांसफॉर्मर से 450 किलो कॉपर वायर और सैकड़ों लीटर ऑयल चोरी की शिकायत बदलापुर पूर्व पुलिस में शिकायत दर्ज हुई थी. गिरफ्तार आरोपियों से चोरी में इस्तेमाल वाहन भी जब्त किया गया है. जिसकी कीमत 5 लाख रुपए आंकी गई है.

# चिखलोली डैम के पास के रिसॉर्ट पर कार्रवाई हो

■ मनसे ने की नगर परिषद से मांग

⏩ उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ चिखलोली डैम से लगकर शासकीय जगह पर रिसॉर्ट का निर्माण किया गया है. ऐसा दावा मनसे के जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिर्के ने किया है. ये रिसॉर्ट की जगह शासन के नाम पर हो गई है. इसलिए इस रिसॉर्ट पर कार्रवाई की जाए. ऐसी मांग उन्होंने अंबरनाथ नगर परिषद से की है.

चिखलोली डैम से अंबरनाथ शहर पूर्व में जलापूर्ति की जाती है. लेकिन इस डैम से थोड़ी दूरी के भूखंड पर कोरोना काल में विकासक विक्रमराज उर्फ गुड्डु चव्हाण ने रिसॉर्ट का निर्माण किया है. चिखलोली डैम की ऊंचाई बढ़ाए जाने के बाद रिसॉर्ट की जगह भी चिखलोली डैम के नाम पर किए जाने का दावा शिर्के ने किया है. उसका सात-बारा उतारा भी उन्होंने बताया है. इस रिसॉर्ट के निर्माण की अनुमति रद्द करके तोड़क कार्रवाई की जाए, ऐसी लिखित मांग शिर्के ने मुख्याधिकारी से की है. इस संबंध में मुख्याधिकारी पराडकर ने कहा है कि नगर रचना विभाग से रिसॉर्ट की जानकारी ली जाएगी और कुछ भी गलत दिखाई दिया तो उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. रिसॉर्ट के मालिक गुड्डु चव्हाण को इस संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह बहुत जल्द अपनी भूमिका कागजात के साथ स्पष्ट करेंगे.

# कबूतरों से लोगों का स्वास्थ्य ख़तरे में



**उल्हासनगर.** गोल मैदान क्षेत्र में साधु वासवानी टॉवर परिसर में कुछ रहवासी कबूतरों को दाना-पानी दे रहे हैं, जिससे वहां बड़ी संख्या में कबूतर जमा हो रहे हैं, जिससे उनके मल-मूत्र के कारण गंदगी फैल रही है . इससे अस्थमा और संक्रमण जैसी बीमारियों का भी खतरा रहता है। इस संबंध में स्थानीय निवासियों ने विधायक कुमार आयलानी को लिखित ज्ञापन देकर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। विधायक ने मनपा को इस संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश दिए, जिसके बाद कार्रवाई की गई। वहां एक बोर्ड लगा दिया गया था जिस पर लिखा था कि कबूतरों को दाना न डालें। महानगर पालिका के मुख्य सफाई निरीक्षक एकनाथ पवार ने वहां कबूतरों को दाना डालने के खिलाफ चेतावनी बोर्ड लगा दिया है और सफाई निरीक्षकों को नियुक्त कर दिया है, और अब वहां कबूतरों को दाना डालने की प्रथा लगभग बंद हो गई है। इस क्षेत्र को भी साफ कर दिया गया है। महानगर पालिका द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद स्थानीय नागरिकों ने भी महानगर पालिका और विधायक कुमार आयलानी का आभार जताया है.



# कबूतरों को खाद्य देने पर पाबंदी

■ अंबरनाथ नपा ने शुरू की दंडात्मक कार्रवाई

⏩ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में कबूतरों को दाना देने वालों पर नगर परिषद ने दंडात्मक कार्रवाई शुरू कर दिया है. अंबरनाथ नगर परिषद द्वारा कुछ दिनों पूर्व शहर पश्चिम और पूर्व को जोड़ने वाले रेलवे उड़ान पुल पर एक बोर्ड लगाकर कबूतरों को दाना पानी देने वालों को चेतावनी दी थी कि अगर किसी ने कबूतर या अन्य प्राणी को दाना दिया तो उस पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी.

बोर्ड लगाने के बाद भी लोग यहां के कबूतरों को दाना डाल रहे थे. मुख्याधिकारी पराडकर के आदेश पर स्वच्छता विभाग ने प्राणियों को दाना डालने वालों पर दंड मारना शुरू कर दिया है. कबूतरों द्वारा की गई गंदगी एवं पंख फड़फड़ाने से बीमारी फैलती है. अलर्जी हो सकती है. अस्थमा होने की भी संभावना है. इन बीमारियों की संभावनाओं को देखते हुए एवं हो रही अस्वच्छता को देखते हुए यहां पर कबूतरों को दाना ना दिया जाए. वरना दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी का बोर्ड लगा दिया था.

कबूतरों को खाद्य डालने पर ये कबूतर लोगों के संपर्क में आते हैं और सांस की बीमारी को निमंत्रण देते हैं. ऐसा विशेषज्ञों का मानना है. प्राणियों को खाद्य देने के लिए यहां कभी कभार भीड़ भी एकत्रित हो जाती है और ट्रैफिक को भी बाधा पहुंचती है. इसलिए ये कार्रवाई का बोर्ड यहां पर नपा ने लगाया है.

# बॉडी बिल्डर स्पर्धा का आयोजन

■ 2 फरवरी को महात्मा गांधी विद्यालय मैदान में होगी स्पर्धा

⏩ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में 2 फरवरी को कोंकण विभागीय कै. रमेश गोसावी स्मृति चषक 2025 बॉडी बिल्डर स्पर्धा का आयोजन किया गया है. अंबरनाथ नगर परिषद की ओर से आयोजित ठाणे जिला बॉडी बिल्डर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष, पूर्व उप नगराध्यक्ष अब्दुल भाई शेख के सहकार्य से एवं ठाणे जिला बॉडी बिल्डर्स एसोसिएशन की मान्यता से ये स्पर्धा का आयोजन किया गया है. ये स्पर्धा 2 फरवरी को शाम में महात्मा गांधी विद्यालय मैदान में होगी. 8 वजनी गट में 55 किलो, 60, 65, 7-, 75, 80, 85 एवं 85 किलो के ऊपर के बीच में मुकाबले होंगे. हर एक वजन गट में एक से 6 क्रमांक तक आने वाले स्पर्धक को पारितोषिक दिए जाएंगे और प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा. खिताब विजेता को नकद रकम 31 हजार रुपए, उप विजेता को 15 हजार रुपए, बेस्ट पोज देने वाले स्पर्धक को 5 हजार और चषक दिया जाएगा.

वुमन्स स्पोर्ट्स फीजिक ग्रुप को भी नकद पारितोषिक और प्रमाण पत्र दिया जाएगा. इस स्पर्धा में मुख्य अतिथि सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, प्रशासक डॉ. प्रशांत रसाल और मुख्याधिकारी अभिषेक पराडकर होंगे. ऐसी जानकारी अब्दुल शेख ने दी है.

# चिंचपाड़ा में प्रदूषण फैलाने वाली 22 जींस फैक्ट्रियां जमींदोज़

■ केडीएमसी ने प्रदूषण रोकने के लिए उठाए सख्त कदम

**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली मनपा ने वायु और जल प्रदूषण को रोकने के लिए आक्रामक रुख अपनाया है। आई वार्ड के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने मंगलवार को भारी पुलिस सुरक्षा में कल्याण के पूर्व में आई वार्ड के चिंचपाड़ा क्षेत्र में स्थित 22 जींस कारखानों को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई का विरोध करने का प्रयास किया गया। हालांकि, टीम ने बिना कोई ध्यान दिए जेसीबी की मदद से इन सभी फैक्ट्रियों को जमींदोज कर दिया।

अदालत के आदेश के अनुसार, उल्हासनगर में जींस कारखानों को 15 साल पहले शहर से बाहर निकाल दिया गया था। ऐसी शिकायतें बढ़ रही थीं कि ये कारखाने शहर में वायु और जल प्रदूषण पैदा कर रहे हैं। नागरिक बस्तियों में ऐसे कारखाने शुरू करने पर प्रतिबंध है।

कल्याण पूर्व के चिंचपाड़ा, आशेले और मानेरे इलाकों में कुछ जींस फैक्ट्रियों के संचालक कुछ स्थानीय भूस्वामियों के साथ मिलकर ये फैक्ट्रियां शुरू कर रहे हैं। इससे पहले आई प्रभाग की तत्कालीन सहायक आयुक्त हेमा मुंबरकर ने इस क्षेत्र में करीब 40 हेक्टेयर में फैली जींस फैक्ट्रियों को



जमींदोज कर दिया था।

इन कारखानों का मालिकों द्वारा गुप्त रूप से पुनर्निर्माण किया गया। कारखानों को लोगों की नजर से बचाने के लिए उन पर तिरपाल और टाट बिछा दिए गए थे। चिंचपाड़ा क्षेत्र के निवासियों ने स्थानीय विधायक सुलभा गायकवाड़ से शिकायत की थी कि ये कारखाने प्रदूषण की समस्या पैदा कर रहे हैं।

विधायक गायकवाड़ ने कल्याण स्थित महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए थे। तदनुसार, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने कल्याण-डोंबिवली मनपा को इन कारखानों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

मनपा आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ ने आई प्रभाग के सहायक आयुक्त भरत पवार को चिंचपाड़ा में जींस कारखानों को ध्वस्त करने का आदेश दिया था। तदनुसार, जेसीबी की मदद से कारखानों को ध्वस्त कर दिया गया। जब कार्रवाई चल रही थी, तो कुछ तथाकथित नेता जींस फैक्ट्री मालिकों के बचाव में आगे आ गए। हालांकि, सहायक आयुक्त भरत पवार ने ध्वस्तीकरण का काम पूरा कराया।

# हत्या, आत्महत्या या दुर्घटना?

■ संतोष साल्वे मौत प्रकरण



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के मानेरे गांव निवासी संतोष साल्वे का शव रविवार को वडोल गांव के पास आम्रपाली नगर के पास रेलवे ट्रैक पर मिला। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। संतोष के शव को सेंट्रल अस्पताल ले जाया गया। संतोष के परिवार ने उसकी मौत के लिए बालू कीडे और अजय माली को जिम्मेदार ठहराया और आरोप लगाया कि पुराने विवाद के चलते गुस्से में आकर उन्होंने उसकी हत्या कर दी। हालांकि, अब प्रत्यक्षदर्शियों की जानकारी के बाद घटना की जांच में पुलिस को नई दुविधा का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों विकास निर्मल और धम्मपाल मानकर के अनुसार, संतोष साल्वे नशे में रेलवे ट्रैक पर चल रहा था और सीएसटी की ओर जा रही एक लोकल ट्रेन की चपेट में आ गया। उन्होंने कहा कि यह घटना उनकी आंखों के सामने घटी। इसलिए इस बात पर भी संदेह पैदा हो गया है कि संतोष की मौत दुर्घटना थी या आत्महत्या। संतोष के परिवार के हत्या के दावे और प्रत्यक्षदर्शियों के दुर्घटना के दावे के कारण पुलिस विभाग असमंजस की स्थिति में है। परिवारों द्वारा लगाए गए आरोपों के कारण, बालू कीडे और अजय माली की जांच की जा रही है और प्रत्यक्षदर्शियों की जानकारी और साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। रेलवे पुलिस की रिपोर्ट पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। पुलिस संतोष साल्वे की मौत का सही कारण जानने के लिए सभी संभावनाओं की जांच कर रही है।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास — संपादकीय

# सरकारी स्कूलों में सुधार या छलावा? पढ़ाई सुधरी या सिर्फ आंकड़ों का खेल

सरकारी विद्यालयों में दाखिले और पढ़ाई-लिखाई के स्तर को लेकर प्रायः असंतोष ही जताया जाता रहा है। मगर इस बार ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों की वार्षिक शिक्षा स्थिति रपट यानी 'असर' में यह तथ्य उजागर हुआ है कि सरकारी स्कूलों में दाखिले का स्तर फिर से कोविड काल के पहले के स्तर पर पहुंच गया है, मगर उनमें पढ़ाई-लिखाई का स्तर कुछ बेहतर हुआ है। गौरतलब है कि कोरोना काल से पहले छह से चौदह वर्ष आयुवर्ग के बच्चों का सरकारी स्कूलों में नामांकन हर वर्ष बढ़ रहा था।

2006 से 2018 के बीच सरकारी स्कूलों में बच्चों का दाखिला 18.7 फीसद से बढ़ 2014 तक 30.8 फीसद पर पहुंच गया था। फिर 2018 तक इसी स्तर पर बना रहा। मगर कोरोना काल में सरकारी स्कूलों में छह से चौदह वर्ष आयु के बच्चों का अनुपात 2018 के 65.6 फीसद से बढ़ कर 2022 में 72.9 हो गया। मगर बीते वर्ष में यह अनुपात फिर से 2018 के स्तर पर पहुंच गया, यानी 66.8 फीसद पर वापस आ गया है।

ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में बच्चों के नामांकन में कमी आने का एक कारण निजी स्कूलों की तरफ लोगों का फिर से बढ़ता रुझान बताया जा रहा है। जाहिर है, लोगों का सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर भरोसा कायम नहीं रह पाया है। कोरोना काल में इसलिए बहुत सारे लोगों ने अपने बच्चों को निजी स्कूलों से निकाल कर सरकारी स्कूलों में डाला था कि उस वक्त उनकी कमाई बंद हो गई थी। इसमें एक अच्छी बात यह हुई है कि ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षा के स्तर में थोड़ा सुधार हुआ है।

स्मार्ट फोन इस्तेमाल करने वाले बच्चों की संख्या तेजी से बढ़ी है। मगर इसमें चिंता की बात यह भी है कि स्कूलों में पांच वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की संख्या लगातार घट रही है। 2018 में यह आंकड़ा 25.6 था, जो 2022 में घट कर 22.7 फीसद हुआ और 2024 में गिर कर चिंताजनक 16.7 फीसद पर पहुंच गया। यानी ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर करने के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना है।

# तकनीकी क्षेत्र में चीनी वर्चस्व का खतरा, बदलना होगा बुनियादी ढांचा

जिस दिन डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद की शपथ लेकर अमेरिका को फिर से महान बनाने का संकल्प ले रहे थे, उसी दिन चीन के 40 वर्षीय युवक लियांग वेनफिंग ने अपना जेनरेटिव एआई का चैटबाट डीपसीक लांच किया। उसने अमेरिका के सैकड़ों करोड़ डॉलर की लागत और वर्षों के प्रशिक्षण के बाद बने चैटजीपीटी, जेमिनी, लामा और क्लोद जैसे चैटबाट को धूल चटा दी और हफ्ते भर में अमेरिका का सबसे लोकप्रिय चैटबाट बन बैठा।

जब यह पता चला कि डीपसीक का विकास जेजियांग यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग के स्नातक ने 60 लाख डॉलर से भी कम की लागत से साल भर में ही कर दिखाया है तो अमेरिकी बाजारों में हड़कंप मच गया। चीनी कंपनी के तकनीकी विकास से ऐसी घबराहट पहली बार फैली। ऐसा नहीं है कि डीपसीक अमेरिका के चैटजीपीटी जैसे जेनरेटिव एआई माडलों से आगे निकला हो।

गणित, कोडिंग और सहज भाषा तर्क में वह अमेरिकी माडलों की बराबरी पर ही है, पर अमेरिका और यूरोप में हड़कंप इसलिए मचा कि चीन के इंजीनियर ने कुछ लोगों और मामूली लागत से साल भर में ऐसा माडल तैयार कर दिखाया, जो ऊंची लागत और वर्षों के शोध के बाद बने माडलों को टक्कर दे रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि डीपसीक ओपन सोर्स माडल है यानी इसका प्रयोग, परिष्कार और वितरण मुफ्त में किया जा सकता है। यह अपेक्षाकृत कम शक्तिशाली चिपों और कम ऊर्जा की खपत से चल सकता है।

ट्रंप ने इस प्रसंग पर चिंता जताने की जगह इसे अमेरिकी एआई उद्योग के लिए चेतावनी बताया और





अमेरिकियों से कहा कि यदि आप इसी गुणवत्ता के माडल कम लागत पर बना सकें तो वह हमारे लिए अच्छा ही होगा। इससे एक तो अमेरिकी एआई माडलों की लागतों पर सवाल उठे, जिससे उनकी फंडिंग का संकट खड़ा हो सकता है। दूसरे यह सवाल उठा कि सस्ते और किफायती चीनी माडल मिलने पर अमेरिका के महंगे और अधिक ऊर्जा की खपत वाले माडल को कोई क्यों लेगा?

इससे एआई उद्योग पर अमेरिका की जगह चीन का वर्चस्व कायम हो सकता है, ठीक वैसे ही जैसे इलेक्ट्रिक वाहनों और सौर सैलों के निर्माण पर हो चुका है। मशीन लर्निंग, रोबोट विज्ञान और ड्रोन निर्माण में भी चीनी कंपनियां इतनी आगे निकल चुकी हैं कि अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन को भी रक्षा सामान के लिए घरेलू कंपनियों को तमाम आर्थिक प्रोत्साहन देने के बावजूद चीन पर निर्भरता समाप्त करने में दिक्कत आ रही है।

अमेरिका और यूरोप में अभी तक चीन की छवि नकल में पारंगत और सस्ता माल बनाने वाले देश की रही है। इसे बदलने और 2030 तक विज्ञान और प्रौद्योगिकी में विश्व का अग्रणी बनने के लिए चीन ने 2006 में शोध और विकास यानी आरएंडडी की एक रणनीति बनाई थी, जिसे उसने अंजाम तक पहुंचाया। चीन अपना 2.5 प्रतिशत से अधिक बजट शोध एवं विकास पर लगाता है और यह भी सुनिश्चित करता है कि आर्थिक विकास में उसका योगदान 60 प्रतिशत हो। इस मामले में अमेरिका विश्व का अग्रणी देश रहा है, लेकिन अब चीन उससे बहुत पीछे नहीं है।

अमेरिका शोध एवं विकास पर अपने जीडीपी का 3.4 प्रतिशत खर्च करता है तो चीन 2.41 प्रतिशत खर्च कर रहा है। भारत इस मामले में फिसड्डी है और जीडीपी का मात्र 0.64 प्रतिशत ही शोध एवं विकास पर खर्च करता है। यानी शोध एवं विकास पर चीन भारत से चौगुना बजट खर्च करता है। चीन का जीडीपी भी भारत से पांच गुना अधिक है, जिसके कारण शोध एवं विकास पर चीन का खर्च भारत से लगभग 20 गुना बैठता है और यह अंतर पिछले 20 साल से चल रहा है।

शोध एवं विकास पर विश्व में सबसे अधिक खर्च करने और आर्थिक विकास में उसका योगदान सुनिश्चित करने के कारण ही अमेरिका पिछले 50 वर्षों से विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अग्रणी बना हुआ है। अब चीन उसी राह पर और भी सुनियोजित ढंग से चल रहा है। डीपसीक माडल के विकास से पश्चिमी देशों की नींद उड़ा देने वाले चीनी इंजीनियर वेनफेंग ने हाल के एक इंटरव्यू में कहा था, 'हम अक्सर सुनते हैं कि चीनी और अमेरिकी एआई के बीच एक या दो साल का फासला है, पर असली फासला नकल और मौलिकता का है। वह नहीं बदला तो चीन हमेशा पिछलग्गू बना रहेगा और चीन हमेशा पिछलग्गू बना नहीं रह सकता।'


**ध्यानाभ्यास के द्वारा जीवन के वो सभी रहस्य जो मानवता को उलझाए हुए हैं, सुलझ जाते हैं।**

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# जेपीसी में वक्फ पर विपक्ष की सिफारिश अस्वीकार

आखिर वही हुआ, जिसकी आशंका जताई जा रही थी। वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर विपक्षी दलों की सारी सिफारिशों को संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष ने खारिज कर दिया। केवल सत्तापक्ष के सदस्यों की चौदह सिफारिशों को स्वीकार किया गया। इसे लेकर विपक्षी सदस्य समिति के अध्यक्ष पर अलोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाने का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि आखिर समिति के अध्यक्ष ने उन्हीं सुझावों को स्वीकार किया, जो सरकार चाहती थी।

विपक्षी सदस्यों ने संशोधन विधेयक में सुधार से संबंधित चौवालीस सुझाव दिए थे, उनमें से एक भी विचार के लायक नहीं समझा गया। हालांकि समिति के अध्यक्ष का कहना है कि विपक्ष के सभी सुझावों पर विचार-विमर्श किया गया। यानी अब एक तरह से वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी के लिए सदन में रखने का रास्ता साफ हो गया है।

मानसून सत्र में जब यह विधेयक लोकसभा में पेश किया गया था, तब बिना किसी बहस के, इसे संयुक्त संसदीय समिति के पास विचार के लिए भेज दिया गया था। बजट सत्र में उसे संशोधन के साथ पेश किया जाना है। मगर जिस तरह संयुक्त संसदीय समिति में इस पर विचार की प्रक्रिया अपनाई गई, उसे देखते हुए संसद में इसकी मंजूरी के वक्त खासा हंगामा खड़ा हो सकता है।

हालांकि सरकार किसी विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति के सुझावों को मानने के लिए बाध्य नहीं होती। मगर लोकतांत्रिक प्रक्रिया यही है कि जब भी किसी विधेयक को लेकर आपत्ति उठे या विवाद गहरा जाए, तो उस पर विचार के



लिए संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया जाए। उसमें सभी दलों के सदस्य आनुपातिक आधार पर शामिल किए जाते हैं। माना जाता है कि उसमें परस्पर सहमति से उन बिंदुओं को दुरुस्त कर लिया जाएगा, जिन्हें लेकर आपत्ति उठाई जा रही है।

मगर वक्फ संशोधन विधेयक के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति में पहले ही दिन से हंगामा शुरू हो गया। यहां तक कि एक बार हाथापाई की शिकायत भी आई। हर बैठक में विपक्षी सदस्य यह आरोप लगाते हुए बाहर निकलते थे कि उनकी बात सुनी नहीं जा रही। अध्यक्ष वही कर रहे हैं, जो सरकार चाहती है। इसलिए पहले ही दिन से आशंका जताई जा रही थी कि विधेयक का निष्पक्ष और सर्वमान्य स्वरूप बन सकेगा!

अब जब विपक्षी सदस्यों के सुझावों को दरकिनार कर केवल सत्तापक्ष के सुझावों के साथ विधेयक को सरकार के हवाले करने का फैसला कर लिया गया है, तब यह सवाल गाढ़े रूप में उठने लगा है कि आखिर इस पर संयुक्त संसदीय समिति गठित करने का क्या अर्थ रहा। क्या यह केवल दिखावे के लिए गठित की गई थी, ताकि विपक्ष को इस पर एतराज जताने का मौका न मिले?

अगर ऐसा था, तो सरकार बेशक इसे बहुमत के आधार पर संसद में मंजूर करा ले, पर इसे निष्पक्ष नहीं माना जाएगा। वक्फ कानून को लेकर विवाद पहले से उठता रहा है, यहां तक कि कुछ मुसलिम संगठन भी इसमें सुधार की मांग उठाते रहे हैं। मगर सरकार ने उसमें संशोधन कर जो नियम जोड़े हैं, वे मुसलिम संगठनों को भी स्वीकार नहीं हैं। सबसे विवादित मुद्दा वक्फ की संपत्ति पर स्वामित्व का है। उसके लिए प्रस्तावित कानून में सरकार को सर्वेक्षण कराने का अधिकार दिया गया है। इससे मुसलिम समुदाय को डर है कि दान के रूप में दी गई संपत्ति को सरकार हड़प सकती है। किसी भी कानून का न्यायपूर्ण होना पहली शर्त होती है।

# क्या होता है QR कोड का फुल फॉर्म? शायद ही पता होगा


**QR Code** को स्मार्टफोन कैमरे या क्यूआर कोड रीडर ऐप का उपयोग करके आसानी से स्कैन किया जा सकता है.

**जरा हट के**

यह उपयोग करने वालों को बिना टाइप किए या अपने से डेटा भरे ही तुरंत जानकारी प्राप्त करने, भुगतान करने या अन्य कार्रवाई करने में मदद करता है.

क्यूआर कोड का पूरा मतलब 'क्विक रिस्पांस कोड' है. यह दोनों तरफ से एक्सेस किया जाने वाला कोड है जो सफेद बैकग्राउंड पर काले स्क्वेयर्स ग्रिड में टेक्स्ट या वेबसाइट लिंक जैसे डेटा को कलेक्ट करता है. जापान की डेन्सो वेव कंपनी ने 1994 में इस QR कोड को विकसित किया था. ये क्यूआर कोड डेटा को तेजी से इनकोड और डीकोड करने, सूचनाओं के जल्दी से आदान-प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं.

QR कोड कई प्रकार के होते हैं और ये सभी बिल्कुल अलग होते हैं. प्रत्येक कोड का



एक अलग डिज़ाइन और उपयोग होता है. इसके मुख्य रूप से 3 प्रकार होते हैं, जिन्हें अलग-अलग उद्देश्यों से इस्तेमाल किया जाता है.

पहला न्यूमेरिकल क्यूआर कोड होता है, जो संख्याओं को कोड करने, इन्वेंट्री रोकने और सीरियल नंबरों को ट्रैक करने के काम में आता है. दूसरा अल्फ़ान्यूमेरिक क्यूआर कोड होता है, जो अक्षरों और संख्याओं को कलेक्ट करके रखता है. ये वेब लिंक, फ़ोन नंबर और टेक्स्ट मैसेज जैसे डेटा के लिए उपयोगी होता है.

जैसे ही क्यूआर कोड को कैमरे के सामने रखा जाता है, स्कैनर क्यूआर कोड पर डिज़ाइन को पढ़ना शुरू कर देता है. डिज़ाइन में सफेद बैकग्राउंड पर काले स्क्वेयर और बिंदु शामिल हैं. स्कैनर क्यूआर कोड में डेटा को डीकोड करता है और फिर काम करता है. क्यूआर कोड ऐप्स को बढ़ावा देने में उपयोगी होते हैं. सभी ऐप में यूनिक क्यूआर कोड होता है, जिसे यूज़र्स स्कैन करके उस ऐप को डाउनलोड कर सकते हैं. यह यूजर इंटरेक्शन को भी बढ़ावा देता है. वित्तीय लेनदेन के अलावा क्यूआर कोड वेबसाइटों, वीडियो और अन्य प्रचार सामग्री को एक्सेस करने में मदद देते हैं.

# बच्चों को लंच में बिल्कुल भी ना दें ये 5 चीजें

### ■ सेहत और दिमाग दोनों पर पड़ सकता है बुरा असर

खाने-पीने में नखरे करना तो जैसे बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है। मजाल है कि बच्चे कोई भी हेल्दी चीज बिना नाक-मुंह बनाएं खा लें। ऐसे में बच्चों के लंच के लिए रोज-रोज कोई हेल्दी और टेस्टी डिश चुनना बड़ा ही चैलेंजिंग काम है। ऐसे ढेरों फूड ऑप्शन हैं जो आप अपने बच्चे को टिफिन में दे सकती हैं लेकिन यह जानना और भी ज्यादा जरूरी है कि कौन से फूड आइटम आपको बच्चे के लंच में बिल्कुल भी नहीं रखने चाहिए। दरअसल बच्चे की फिजिकल और मेंटल हेल्थ दोनों के लिए अच्छा और पौष्टिक खानपान बहुत जरूरी है। वहीं अगर आप उन्हें लंच में कुछ ऐसी चीजें पैक कर के दे रही हैं, तो ये उनकी ओवरऑल हेल्थ के लिए काफी नुकसानदायक हो सकता है। तो चलिए आज इन्हीं फूड आइटम्स के बारे में जानते हैं, जिन्हें आपको हर हाल में अवॉइड करना चाहिए।

### ■ बच्चों के लंच में ना पैक करें इंस्टेंट नूडल्स

बच्चों को दो मिनट में झटपट बनने वाली नूडल्स का स्वाद खूब पसंद आता है। अक्सर बच्चे इन्हें टिफिन में ले जाने की जिद भी करते हैं और पैरेंट्स भी कई बार इस बारे में ज्यादा नहीं सोचते। लेकिन अगर आपको अपने बच्चे की हेल्थ प्यारी है तो उसके लंच बॉक्स में नूडल्स बिल्कुल भी पैक ना करें। मैदा और ढेरों प्रिजर्वेटिव्स से भरी नूडल्स बच्चों की गट हेल्थ और ओवरऑल सेहत के बिल्कुल भी अच्छी नहीं होती हैं। ऐसे में लंच के समय बच्चों को हेल्दी मील की जगह नूडल्स देना बहुत ही खराब ऑप्शन है।



### ■ ज्यादा तला हुआ खाना देने से भी बचें

बच्चों के लंच में ज्यादा तला हुआ खाना देने से भी परहेज करना चाहिए। रोज-रोज बच्चों के टिफिन में कचौड़ी, समोसा, फ्रेंच फ्राइज, चिप्स, पकौड़ी या फ्राइड स्नैक्स नहीं देने चाहिए। खासतौर से बाजार के बने हुए तले-भुने स्नैक्स तो बच्चों को ना के बराबर ही दें। इनमें अनहेल्दी फैट की मात्रा काफी ज्यादा होती है, जो बच्चों में वेट गेन और पेट संबंधी बीमारियों का कारण बनती है। जितना हो सके, बच्चों के खाने के लिए हेल्थी कुकिंग मैथ* जैसे ग्रिल, बॉयल, बेक और स्टीम का ही इस्तेमाल करें।

### ■ बच्चों के लंच में ना पैक करें बासी खाना

काई बार रात का खाना इतना ज्यादा बच जाता है कि पैरेंट्स उसे गर्म कर के ही बच्चों के टिफिन में पैक कर देते हैं। उस वक्त भले ही खाना फ्रेश लगे लेकिन बंद डब्बे में दोपहर आते-आते उस खाने का टेस्ट काफी खराब हो जाता है। इसके अलावा खाने की न्यूट्रीशनल वैल्यू भी काफी कम हो जाती है। हो सकता है कि दोपहर आते-आते खाना खराब भी होने लगे और बच्चा खराब खाना ही खा लें। इससे उसकी हेल्थ पर भी बुरा असर पड़ेगा और खराब खाना खाने के मामले में तो फूड पॉयजनिंग का खतरा भी हो सकता है।

### ■ बच्चे को ना दें चीनी से भरे स्वीट्स

खाने के बाद बच्चा कुछ मीठा खाए इसके लिए पैरेंट्स अक्सर लंच बॉक्स में चॉकलेट, कुकीज, कैंडी या जेली जैसी मीठी चीजें पैक कर देते हैं। आप भले ही इन्हें कम मात्रा में पैक करें लेकिन रोजाना थोड़ी सी मात्रा में भी इन चीजों को खाना बच्चे की सेहत के लिए ठीक नहीं। इनके अंदर भर भरकर रिफाइंड शुगर, आर्टिफिशियल कलर और ढेरों प्रिजर्वेटिव्स मौजूद होते हैं, जो सेहत पर बुरा असर डालते हैं। बच्चे को कुछ मीठा देना ही है तो उसे फ्रेश फ्रूट्स, घर के बने लड्डू या गुड़ जैसी चीजें दे सकते हैं।

# पोहा ढोकला

**खाना-खजाना**

**सुबह के नाश्ते के लिए ऐसा ही एक हेल्दी विकल्प पोहा ढोकला को भी माना जाता है। पोहा ढोकला गुजरात के लोकप्रिय पारंपरिक फूड में से एक है। जिसे हरी चटनी, फ्राइड मिर्च और मसाला चाय के साथ सर्व किया जाता है। पोहा ढोकला को भाप में पकाकर तैयार किया जाता है। जो इस रेसिपी का स्वाद और बढ़ा देता है।**

### ■ सामग्री :

- 1/2 कप पोहा
- 1/2 कप सूजी
- 1/4 कप बेसन
- 1/2 कप सादा दही
- 3/4 कप पानी
- 1/4 चम्मच हल्दी पाउडर
- 1/2 चम्मच अदरक का पेस्ट
- 1 चम्मच चीनी
- 1 चम्मच नमक
- 2 बड़े चम्मच तेल
- 1 चम्मच हरी मिर्च का पेस्ट
- 1 चम्मच ईनो फ्रूट सॉल्ट

**तड़के के लिए**

- 1 बड़ा चम्मच तेल
- 1 चम्मच भूरी सरसों
- 1 चम्मच जीरा



- 1 चम्मच सफेद तिल
- 2 चम्मच कटी हुई हरी मिर्च
- 10-12 करी पत्ते
- 1/2 छोटा चम्मच हींग

### ■ बनाने का तरीका

पोहा ढोकला बनाने के लिए सबसे पहले ढोकला स्टीमर प्लेट को तेल से ग्रीस करके एक तरफ रख दें। इसके बाद पोहा, सूजी और बेसन को मिक्सी में पीसकर उसका मोटा पाउडर बना लें। अब इस पाउडर को एक मिक्सिंग बाउल में दही और पानी के साथ डालकर वायर व्हिस्क का उपयोग करते हुए अच्छी तरह मिलाएं। इसके बाद इस घोल में हल्दी पाउडर, अदरक का पेस्ट, चीनी, नमक, तेल और हरी मिर्च का पेस्ट डालकर मिलाएं। अब दोबारा इस बैटर को व्हिस्क की मदद से 1 मिनट तक फेंटें। अब बाउल को ढक्कन से ढककर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद स्टीमर में 1 कप पानी डालकर उसे तेज आंच पर उबाल लें। इस बीच बचे हुए बैटर में थोड़ा सा पानी डालकर उसे अच्छी तरह मिलाते हुए इडली जैसा बैटर बनाकर तैयार कर लें।

# न्यू मॉम को हो जाए सर्दी-जुकाम तो कैसे रखें ध्यान



सर्दियों का मौसम वायरल और इंफेक्शन लेकर आता है। इस मौसम में अक्सर सर्दी-जुकाम, खांसी जैसी समस्या होने लगती है। खासतौर पर न्यू मॉम को सर्दी-जुकाम होने पर विशेष सावधानी की जरूरत होती है। क्योंकि उन्हें खुद के साथ बच्चे की भी सेहत का ख्याल रखना होता है। कई बार घर की बुजुर्ग महिलाएं कंफ्यूज कर देती हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर बच्चों की डॉक्टर ने न्यू मॉम के लिए टिप्स दिए हैं, जिससे वो खुद का और बच्चे का ध्यान रख सकें।

### ■ नहाना है जरूरी

सर्दी-जुकाम हुआ है तो न्यू मॉम को अपनी साफ-सफाई का खास ध्यान रखने की जरूरत होती है। रोजाना कपड़े बदलना, हाथ, मुंह साफ करना और नहाना जरूरी है। हालांकि ज्यादा ठंड होने पर नहाने से बचें लेकिन सफाई का खास ध्यान रखें। जिससे बच्चे को इंफेक्शन ट्रांसफर ना हो।

### ■ छोटे बच्चे की सफाई का भी रखें ध्यान

बच्चा छोटा है फिर भी उसके कपड़े बदलना और स्पंजिंग जरूर करें। जिससे कि बैक्टीरिया या वायरस ना पनपे।

### ■ हाथों की सफाई जरूर रखें

पूरे दिन में हाथों को धोना और साफ रखना जरूरी है। जिससे कि छोटे बच्चे को उठाने या खिलाते वक्त किसी तरह के बैक्टीरिया या वायरस ट्रांसफर ना हो।

### ■ ब्रेस्टफीड जरूर करवाएं

मां को बच्चे से सर्दी-जुकाम ट्रांसफर होने के लिए मां का दूध जिम्मेदार नहीं होता। बल्कि मां का दूध बच्चे के लिए इम्यूनिटी डेवलप करने में मदद करता है। सर्दी-जुकाम के लक्षण डेवलप होने तक शरीर में वायरस प्रवेश कर चुका होता है और बच्चे को भी ट्रांसफर हो चुका रहता है। लेकिन जैसे ही सर्दी के लक्षण दिखने लगते हैं तो उसके बाद शरीर में एंटीबॉडी बनने लगती है। ऐसे वक्त में बच्चे को ब्रेस्टफीड जरूर करवाएं। जिससे वो एंटीबॉडीज बच्चे को मिल सके और इम्यूनिटी बूस्ट हो।

# चेहरे पर हल्दी लगाने के फायदे ही नहीं, नुकसान भी जान लें

**अपने औषधीय और एंटीबैक्टीरियल गुणों के कारण हल्दी का यूज ना सिर्फ सेहत में सुधार के लिए बल्कि कई गजब के ब्यूटी बेनिफिट्स लेने के लिए भी किया जाता है। आयुर्वेद में तो हल्दी को सेहत के लिए वरदान तक माना जाता है। सेहत और खूबसूरती को निखारने वाली हल्दी क्या आप जानते हैं, अगर जूरत से ज्यादा चेहरे पर लगाई जाए तो आपकी त्वचा की रंगत को निखारने की जगह बिगाड़ तक सकती है। आइए जानते हैं क्या होते हैं साइड इफेक्ट्स।**

### चेहरे कर देती है पीला

चेहरे पर अगर जरूरत से ज्यादा हल्दी लगा दी जाए तो यह त्वचा को निखारने की जगह पीला बना सकती है। चेहरे का पीलापन, होने वाली दुल्हन की खूबसूरती को बिगाड़ने का काम करता है। ऐसे में त्वचा पर हल्दी लगाने से पहले इसकी मात्रा का ध्यान जरूर रखें।

### एलर्जी की संभावना

चेहरे पर हल्दी लगाकर सीधा सूरज की रोशनी में निकलने से त्वचा पर एलर्जी की समस्या हो सकती है। ऐसे में चेहरे पर हल्दी लगाने के तुरंत बाद धूप में जाने से बचें।

### ड्राई त्वचा

हल्दी में थोड़ा सुखाने वाला प्रभाव होता है, जो त्वचा में ड्राईनेस और स्किन पर पपड़ीदार धब्बों की समस्या को बढ़ा सकता है। इसलिए सूखी त्वचा वाले लोगों को इसका इस्तेमाल कम मात्रा में या फिर दही, दूध या शहद जैसी सामग्री के साथ मिलाकर करना चाहिए।



### खुजली और जलन

संवेदनशील त्वचा वाले लोगों को अपनी स्किन पर हल्दी का यूज सोच-समझकर करना चाहिए। बिना पैच टेस्ट के ऐसा करने से आपको त्वचा में खुजली और जलन की परेशानी हो सकती है।

### चेहरे पर हल्दी लगाते समय ध्यान रखें ये बातें

हल्दी को कभी भी चेहरे पर सीधा नहीं लगाना चाहिए। इसे चेहरे पर लगाते समय इसमें एलोवेरा जेल, दही, दूध या किसी अन्य फेस पैक को जरूर मिला लें।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# आज का राशिफल

**मेष :** आज के दिन व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। धन का अपव्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिश्रम का अनुकूल फल मिलेगा। परिजनों के स्वास्थ्य और सुविधाओं की ओर ध्यान दें।

**वृषभ :** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ संभव है। जोखिम न लें। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति जीवन में आनंद का संचार करेगी। कई दिनों से रुका पैसा मिल सकेगा।

**मिथुन :** विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्ति के योग हैं। सावधानी व सतर्कता से व्यापारिक अनुबंध करें। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**कर्क :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न उठाएं। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने की संभावना है। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसर मिलेंगे। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**सिंह :** मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए। खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है। प्रतिष्ठितजनों से मेल-जोल बढ़ेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या :** चोट व रोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। क्रय-विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। योजनाएं बनेंगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान प्राप्त होगा। भाइयों से अनबन हो सकती है। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें।

**तुला :** आप कार्यस्थल पर परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। व्यापारिक लाभ होगा। संतान के प्रति झुकाव बढ़ेगा। शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी। कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें, जोखिम न लें।

**वृश्चिक :** आपके कार्य में राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। जायदाद संबंधी समस्या सुलझने के आसार बनेंगे। अनुकूल समाचार मिलेंगे तथा दिन आनंदपूर्वक व्यतीत होगा।

**धनु :** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे। दुस्साहस न करें। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी। स्वयं की प्रतिष्ठा व सम्मान के अनुरूप कार्य हो सकेंगे।

**मकर :** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ होगा। धन संचय की बात बनेगी। परिवार के कार्यों पर ध्यान देना जरूरी है। रुका कार्य होने से प्रसन्नाता होगी। आर्थिक सलाह उपयोगी रहेगी। कर्ज की चिंता कम होगी।

**कुंभ :** दूर से बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। थकान रहेगी। व्यापार-व्यवसाय संतोषप्रद रहेगा। आपसी संबंधों को महत्व दें। अल्प परिश्रम से ही लाभ होने की संभावना है। खर्चों में कमी करने का प्रयास करें।

**मीन :** मेहनत का फल कम मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। महत्व के कार्य को समय पर करें। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### खजाने का लालच देकर लाखों की ठगी, फिर मौलवी के मर्डर का रचा ड्रामा;

**बरेली.** बरेली से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां ठगों के कारनामे से पुलिस भी अचरज में पड़ गई। दरअसल ठग कंपनी ने पहले मौलवी बनकर जिन्न से बात करने का झांसा दिया, फिर खेत में दबा खजाना मिलने लालच दिया। ठगों ने पहले 4.28 लाख रुपये ठगे और फिर मौलवी का फर्जी मर्डर तक करा दिया। फिर पुलिस से बचने के लिए शख्स ने 6 लाख रुपये मांगे। इस बीच मोहनलाल ने भतीजे को पूरी घटना बता दी। जिससे दोबारा ठगी से बच गए। बदायूं के वजीरगंज के बरौर के रहने वाले मोहनलाल ने पुलिस को अपने साथ हुई ठगी की घटना बताई तो वह किसी फिल्मी कहानी जैसी लगी। मोहनलाल, वह एक माह पहले सेटेलाइट आए थे। वहां उनकी मुलाकात भूरा खां से हुई। उसने मोहनलाल को देखते ही कहा था कि वह बहुत परेशान लग रहा है। साथ ही आश्वासन दिया कि एक मौलवी है जो जिन्न बुलाकर हर तरह की परेशानी दूर कर देता है। इस तरह मोहनलाल को झांसे में लिया।

### कार और रोडवेज बस में टक्कर, तीन लोगों की मौत, महाकुंभ से स्नान करके लौट रहे थे घर

**जौनपुर.** जौनपुर जिले के मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र में बृहस्पतिवार को तड़के प्रयागराज महाकुंभ से स्नान करके वापस लौट रहे श्रद्धालुओं की कार और एक रोडवेज बस के बीच आमने-सामने की टक्कर होने से दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि महाराजगंज जिले के समदेऊआ थाना क्षेत्र में स्थित धनहानायक गांव के निवासी संजय सिंह (45), उनकी पत्नी विद्यावती (43), महेश तिवारी (52) और उनकी पत्नी किरण देवी (47) गोरखपुर जिले के खोराबर गांव निवासी बिंदु सिंह (40) और गोरखपुर के ही झगहा गांव निवासी विमला देवी (50) प्रयागराज महाकुंभ में स्नान कर कार से अपने घर लौट रहे थे।

### पुलिस पर गांव वालों ने किया हमला, वांछित को छुड़ा ले गए, दारोगा व सिपाही घायल

**देवरिया.** देवरिया जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र के सुरौली गांव में बुधवार की शाम वांछित को पकड़ने गई पुलिस टीम पर कुछ लोगों ने हमला बोल दिया। जिसमें दरोगा व सिपाही घायल हो गए। हमला करने के बाद आरोपी को छुड़ाकर ग्रामीण लेकर चले गए। पुलिस टीम पर हमला होने की सूचना पर देर रात पहुंची भारी पुलिस बल ने कई लोगों को हिरासत में लेने के साथ ही पांच ट्रैक्टर व लोडर को कब्जे में ले लिया। पुलिस टीम पर हुए हमले के मामले में अभी केस दर्ज नहीं किया गया है।

### हाथरस में 50 हजार की रिश्वत लेते अधिकारी गिरफ्तार, एंटी करप्शन के एक्शन से हड़कंप

**हाथरस.** हाथरस में एंटी करप्शन ब्यूरो अलीगढ़ यूनिट की टीम ने बुधवार को नगर पालिका के मुख्य स्वच्छता निरीक्षक (सीएसआई) को एक ठेकेदार से 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम आरोपी सीएसआई को कोतवाली हाथरस गेट ले गई। जहां उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। अधिकारी पर ऐक्शन के बाद विभाग में हड़कंप मच गया।

एक ठेकेदार द्वारा नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों का ठेका लिए जाने के लिए आवेदन किया गया था। आरोप है कि आवेदन किए जाने के बाद सीएसआई महेश कुमार द्वारा फाइल को आगे नहीं बढ़ाया गया। लंबे समय से यह फाइल उन्होंने रोक रखी थी। आरोप है कि सीएसआई द्वारा फाइल को आगे बढ़ाने के लिए ठेकेदार से 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी। इस पर ठेकेदार ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो अलीगढ़ के अधिकारियों से कर दी।

# 1 फरवरी को होगा बजट पेश

- बजट सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक
- 31 जनवरी को जॉइंट सेशन में राष्ट्रपति का अभिभाषण




**नई दिल्ली.** संसद के बजट सत्र से पहले गुरुवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। यह बैठक संसद के एनेक्सी में आयोजित की गई। मीटिंग में आगामी केंद्रीय बजट पर केंद्र सरकार सभी दलों के साथ चर्चा की गई।बैठक में 36 दलों के 52 नेता शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी अध्यक्षता की।

संसद के बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को पार्लियामेंट के जॉइंट सेशन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी और फिर अगले दिन 1 फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा। सोमवार से लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हो जाएगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्षी नेताओं से अपील की कि वे संसद सत्र के दौरान सहयोग करें ताकि सदन में सुचारू रूप से चर्चा हो सके। संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि मीटिंग अच्छी रही। पार्टी नेताओं ने कुछ मुद्दे उठाए हैं और उन पर चर्चा की मांग की। कमेटी तय करेगी कि किन मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

### कांग्रेस नेता बोले- INDIA ब्लॉक के सभी नेता एक साथ मुद्दे उठाएंगे

बैठक में पहुंचे कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि विपक्षी नेताओं ने फैसला किया है कि INDIA ब्लॉक बजट सत्र में कुंभ, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दों पर चर्चा चाहती है। उन्होंने कहा कि कुंभ में वीआईपी लोगों के आने के कारण आम आदमी परेशान हो रहे हैं।

### बजट सत्र दो चरणों में, 6 फरवरी को पीएम मोदी देंगे जवाब

बजट सत्र दो चरणों में होगा। पहला चरण 31 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा। इसमें नौ बैठकें होंगी। पीएम मोदी छह फरवरी को राज्यसभा में बहस का जवाब दे सकते हैं। इसके बाद दोनों सदन 13 फरवरी तक स्थगित हो जाएंगे। सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू होगा जो 4 अप्रैल 2025 तक चलेगा।

इस बार वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण लगातार 8वां बजट पेश करेंगी। इसमें 6 बड़ी घोषणाएं की जा सकती हैं। इन घोषणाओं को हमने तीन आधार पर चुना है। लोगों की जरूरत, BJP का मेनिफेस्टो, सरकार और मीडिया रिपोर्ट।

### 10 लाख रुपए तक की सालाना इनकम टैक्स फ्री हो सकती है

नए रिजीम के तहत 10 लाख रुपए तक की सालाना इनकम टैक्स-फ्री की जा सकती है। 15 लाख रुपए से 20 लाख रुपए के बीच की इनकम के लिए 25% का नया टैक्स ब्रैकेट लाया जा सकता है। अभी इसमें 6 टैक्स ब्रैकेट हैं। 15 लाख रुपए से ज्यादा की इनकम पर 30% टैक्स लगता है।
नए रिजीम के तहत बेसिक एग्जम्प्शन लिमिट को 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए किया जा सकता है।

# महाकुंभ में फिर भीषण आग, टेंट सिटी में हादसा



**प्रयागराज.** महाकुंभ में एक बार फिर गुरुवार की दोपहर भीषण आग लग गई। इससे एक दर्जन से ज्यादा टेंट जल गए हैं। इस बार आग छतनाग घाट नागेश्वर घाट सेक्टर 22 के पास टेंट सिटी में लगी है। झूंसी की तरफ छतनाग के पास मेला के किनारे यह घाट है। प्राइवेट कंपनी की ओर से लगाए गए वैदिक टेंट सिटी में आग लगी है। अभी किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं। कई अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं। अभी आग का कारण नहीं पता चल सका है।

चीफ फायर ऑफिसर प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि सेक्टर 22 में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर आकर देखा गया तो करीब 15 टेंट में आग लगी थी। मौके पर कई दमकल की गाड़ियां पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया गया है। आग किस वजह से लगी यह अभी साफ नहीं है। माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से यह आग लगी है। उन्होंने यह भी बताया कि यहां पर एक्सेस रोड नहीं था। इसलिए यहां आने में थोड़ी दिक्कत हुई है। कोई भी जनहानि नहीं है। किसी को बर्न नहीं है। हिदायत भी दी जा रही है। बताया जाता है कि यहां पर अस्थाई टेंट लगाया गया था। चमनगंज चौकी के अंतर्गत यह क्षेत्र आता है। उन लोगों को भी बता दिया गया है।

# यौन शोषण के आरोपी कांग्रेस सांसद गिरफ्तार

- सीतापुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस से उठा ले गई पुलिस
- हाईकोर्ट ने खारिज की थी जमानत याचिका

**सीतापुर.** यूपी के सीतापुर से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन पर एक महिला नेता ने रेप का आरोप लगाया था। गुरुवार को राकेश राठौर सीतापुर में अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे, तभी अचानक पुलिस वहां पहुंच गई। उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

सांसद ने अफसरों से प्रेस कॉन्फ्रेंस पूरी कर लेने के लिए कहा। हालांकि, पुलिस ने उनकी बात नहीं मानी। राकेश राठौर ने गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। बुधवार को हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज करते हुए गैर जमानती वारंट (NBW) जारी किया था। कोर्ट ने कहा था- सांसद सरेंडर करें।

दरअसल, राकेश राठौर पर 15 जनवरी को एक महिला ने यौन शोषण का आरोप लगाते हुए FIR दर्ज कराई थी। महिला ने कहा था कि 4 साल से सांसद शादी का झांसा देकर और नेता बनाने की बात कहकर यौन शोषण कर रहे थे।

FIR दर्ज होने के बाद से सांसद अंडर ग्राउंड हो गए थे। गुरुवार को

# जेके सीमेंट प्लांट हादसा, 5 शव निकाले

- 30 घायल
- पन्ना में निर्माणाधीन छत का स्लैब गिरा



**पन्ना.** पन्ना में स्थित जेके सीमेंट प्लांट में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में निर्माणाधीन हिस्से में छत की स्लैब डाली जा रही थी, जहां सैकड़ों मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक भाड़ा (स्कैफोल्डिंग) गिर गया, जिसकी चपेट में कई मजदूर आ गए। अब तक 5 मजदूरों के शव निकाले जा चुके हैं। करीब 30 मजदूर घायल बताए जा रहे हैं। 6 एम्बुलेंस घायलों को लेकर कटनी के लिए रवाना हो चुकी है। कुछ घायल मजदूरों को सतना के बिरला हॉस्पिटल भेजा गया है।

एएसपी आरती सिंह ने बताया कि राहत बचाव कार्य किया जा रहा है। कई घायल मजदूरों को नजदीकी कटनी जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं, मलबे में दबे कई मजदूरों को निकालने की कोशिश की जा रही है। हादसे में तीन घंटे बाद भी प्रशासन और प्रबंधन की तरफ से कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी जा रही है। प्लांट का मेन गेट बंद कर दिया गया है। प्लांट के अंदर केवल प्रशासन और कर्मचारियों के साथ-साथ एसडीआरएफ की टीम है। पन्ना एसपी साईं कृष्ण एस थोटा ने बताया, पुलिस बल और एसडीआरएफ की टीम राहत और बचाव कार्य में लगी है। अभी मरने वालों और घायलों की संख्या की पुष्टि नहीं हुई है।

### प्लांट में 100 से ज्यादा मजदूर कर रहे थे काम

प्लांट के अंदर से मिली जानकारी के अनुसार, निर्माणाधीन बिल्डिंग पांच मंजिला है। इस सेक्टर में करीब 100 से ज्यादा मजदूर काम कर रहे थे। ये सभी यूपी, बिहार, झारखंड और मध्यप्रदेश के जिलों के रहने वाले हैं। अभी पांचवी मंजिल का रेस्क्यू पूरा हो गया है। एसडीआरएफ की टीम एक-एक कर सभी मंजिलों का रेस्क्यू कर रही है। अंदर के पांचों गेट बंद कर दिए गए हैं। घटना के करीब 4 घंटे बाद भी प्लांट प्रबंधन ने कोई जानकारी नहीं दी है। पन्ना हादसे पर खजुराहो सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा, घटना के विषय में जिला प्रशासन से बात की गई है। हादसे में तत्काल सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। घायलों को समुचित इलाज के लिए जिला प्रशासन को व्यवस्था करने को कहा गया है।

# रिटायरमेंट के बाद भी जज सुना सकेंगे फैसले

- SC ने दी एडहॉक पर रखने को मंजूरी



**नई दिल्ली.** देशभर के हाई कोर्ट में लंबित पड़े आपराधिक मामलों से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम कदम उठाया है। जिसके मद्देनजर अब सभी हाई कोर्ट को यह अधिकार मिल गया है कि वे सेवानिवृत्त जजों को एडहॉक (अस्थायी) जज के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश कर सकते हैं।

इससे पहले, अप्रैल 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश में कहा था कि सिर्फ उन्हीं हाई कोर्ट में एडहॉक जजों की नियुक्ति की जा सकती है जहां रिक्तियों की संख्या 20% से कम हो। लेकिन अब मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने इस शर्त को हटाते हुए उस आदेश के प्रभाव को अस्थायी रूप से स्थिगत कर दिया है। इस खास पहल से हाई कोर्ट में लंबित पड़े आपराधिक मामलों की संख्या को कम किया जा सकता है।

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने लोक प्रहरी बनाम भारत सरकार मामले में फैसला सुनाते हुए पहली बार हाई कोर्ट में एडहॉक जजों की नियुक्ति की अनुमति दी थी। हालांकि, कोर्ट ने यह भी साफ कर दिया था कि यह एक नियमित प्रक्रिया नहीं होनी चाहिए और नियमित नियुक्तियों का स्थान एडहॉक जज नहीं ले सकते।

तत्कालीन फैसले में कुछ शर्तें तय की गई थीं, जिनमें हाई कोर्ट में अगर 20% से अधिक पद खाली हैं, तभी एडहॉक जजों की नियुक्ति हो सकती है। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने 20% रिक्ति की शर्त को हटा दिया है, जिससे हाई कोर्ट को अधिक लचीलापन मिल गया है और वे अपराध मामलों के निपटारे के लिए अधिक सेवानिवृत्त जजों को अस्थायी रूप से नियुक्त कर सकते हैं।

### चंडीगढ़ मेयर चुनाव- क्रॉस वोटिंग में BJP की हरप्रीत जीतीं

**चंडीगढ़.** चंडीगढ़ नगर निगम में BJP की हरप्रीत बबला नई मेयर बन गई हैं। उन्होंने क्रॉस वोटिंग के बाद 2 वोटों से चुनाव जीता। भाजपा उम्मीदवार को 19 वोट मिले। वहीं, आम आदमी पार्टी (AAP) और कांग्रेस गठबंधन की उम्मीदवार प्रेम लता को 17 वोट मिले। मेयर चुनाव में भाजपा के पास सिर्फ 16 पार्षदों का समर्थन था। वहीं, AAP के 13 और कांग्रेस के 6 के अलावा एक सांसद मनीष तिवारी समेत 20 वोट थे। AAP+कांग्रेस गठबंधन के पास पूर्ण बहुमत था। इसके बावजूद उनकी उम्मीदवार हार गई।

महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि

# PM ने राजघाट जाकर श्रद्धांजलि दी

### राहुल ने लिखा- गांधी जी व्यक्ति नहीं, भारत की आत्मा हैं



**नई दिल्ली.** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आज 77वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी समेत सभी बड़े नेताओं ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी।

PM ने सोशल मीडिया X पर लिखा- पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। उनके आदर्श हमें एक विकसित भारत बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। मैं देश के लिए शहीद हुए सभी लोगों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनकी सेवा और बलिदान को याद करता हूं।

राहुल गांधी ने लिखा- गांधी जी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, वह भारत की आत्मा हैं, और हर भारतीय में आज भी जीवित हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने X पर लिखा- शहीद दिवस पर हम बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। वे हमारे राष्ट्र के मार्गदर्शक रहे। सत्य, अहिंसा और सर्वधर्म समभाव के उनके विचार हमारे मार्ग को प्रकाशित करते रहते हैं। हमें उन लोगों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए जो समानता और सभी के उत्थान के उनके आदर्शों को नष्ट करना चाहते हैं। आइए हम भारत की विविधता में एकता की रक्षा करें और सभी के लिए न्याय और समानता सुनिश्चित करें।

### स्वरा का X अकाउंट परमानेंटली सस्पेंड

सोशल मीडिया X ने बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर का अकाउंट परमानेंटली सस्पेंड कर दिया। गणतंत्र दिवस पर की गई पोस्ट में कॉपीराइट करने की वजह से ये ऐसा किया गया है। स्वरा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इसकी जानकारी देते हुए इसे रेडिक्यूलस (हास्यास्पद) और अनटेनेबल (अस्वीकार्य) कहा है। स्वरा ने X पर दो पोस्ट की थीं। पहली पोस्ट में एक तस्वीर के साथ लिखा था- गांधी हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा हैं। जबकि दूसरी पोस्ट में भारतीय ध्वज लहराते हुए उनके बच्चे की तस्वीर थी। बच्चे का चेहरा इमोजी से छुपा हुआ था। एक्ट्रेस ने तर्क दिया कि इन दोनों तस्वीरों से कॉपीराइट का उल्लंघन कैसे हो सकता है।

# ICC रैंकिंग- तिलक वर्मा नंबर-2 T-20 बैटर

- सूर्या चौथे और जायसवाल 9वें नंबर पर
- बॉलर्स में चक्रवर्ती 30 से 5वें नंबर पर पहुंचे




भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा टी-20 के टॉप-2 बैटर बन गए हैं। वे बुधवार को जारी ICC रैंकिंग में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। इतना ही नहीं, वरुण चक्रवर्ती ने 25 स्थानों की छलांग लगाकर टॉप-5 गेंदबाजों में जगह बनाई है।

22 साल के तिलक वर्मा अब केवल ट्रैविस हेड से पीछे हैं। हेड 855 रैंकिंग पॉइंट्स के साथ टॉप पर हैं। वहीं, तिलक वर्मा के 832 रैंकिंग पॉइंट्स हैं। टी-20 बॉलर्स की रैंकिंग के वरुण चक्रवर्ती के 679 अंक हैं। वे 30वें स्थान पर थे।

उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में 5 विकेट झटके थे। इसका उन्हें फायदा मिला। इस मुकाबले में तिलक वर्मा ने 14 गेंद पर 18 रन बनाए थे। उन्होंने दूसरे टी-20 में नाबाद 72 रन की पारी खेली थी।

### तिलक के पास सबसे युवा नंबर-1 बनने का मौका

तिलक वर्मा के पास सबसे युवा वर्ल्ड नंबर-1 टी-20 बैटर बनने का मौका है। वे 22 साल 82 दिन के हैं। यह रिकॉर्ड बाबर आजम के नाम दर्ज है। बाबर 23 साल 105 दिन की उम्र में टी-20 के नंबर-1 बल्लेबाज बने थे।

दरअसल, भारत-इंग्लैंड टी-20 सीरीज के 2 मुकाबले शेष हैं। अगला मुकाबला 31 जनवरी को पुणे में खेला जाएगा। फिर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 2 फरवरी को सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जाएगा। इन मुकाबलों में तिलक के पास ट्रैविस हेड को पीछे छोड़ने का मौका है।

तिलक (832 रन) सबसे ज्यादा रैंकिंग पॉइंट हासिल करने वाले भारतीय बैटर्स की सूची में चौथे नंबर पर हैं। सूर्यकुमार यादव, विराट कोहली और केएल राहुल उनसे ज्यादा रैंकिंग पॉइंट्स हासिल कर चुके हैं।

# स्वीडन में कुरान जलाने वाले सलवान मोमिका की गोली मारकर हत्या

- दुनियाभर में हो चुका है प्रोटेस्ट

स्वीडन में कई बार पब्लिक के सामने कुरान जलाने के लिए चर्चा में रहे इराकी नागरिक सलवान मोमिका की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस (AP) ने स्टॉकहोम की एक अदालत का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। रिपोर्ट्स के अनुसार, 38 वर्षीय मोमिका को बुधवार रात स्टॉकहोम के पास सॉडेटेलिए (Sodertalje) इलाके में गोली मारी गई। पुलिस को एक व्यक्ति के गोली लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंचकर उन्होंने उसे गंभीर रूप से घायल पाया। बाद में, उसकी पहचान सलवान मोमिका के रूप में हुई। मोमिका की इस हमले में मौत हो चुकी है।

स्टॉकहोम डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने कहा कि गुरुवार को मोमिका के खिलाफ एक मुकदमे में फैसला सुनाया जाना था, जिसे टाल दिया गया क्योंकि आरोपी की मौत हो गई थी। कोर्ट के एक जज गोरान लुंडाहल ने पुष्टि की कि मृतक मोमिका ही था। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि मोमिका की मौत कब और कैसे हुई।

### कई बार किया था कुरान का अपमान

सलवान मोमिका ने स्वीडन में कई बार कुरान जलाने और उसका अपमान करने की घटनाओं को अंजाम दिया था। उसके इन कृत्यों के कारण दुनिया भर के मुस्लिम समुदाय में भारी आक्रोश देखने को मिला था। कई मुस्लिम देशों में इस पर विरोध प्रदर्शन और दंगे हुए, जिससे स्वीडन को भी राजनयिक स्तर पर चुनौतियों का सामना करना पड़ा। फिलहाल मोमिका की हत्या किसने की है इसको लेकर अभी कुछ स्पष्ट नहीं है। लेकिन पिछले दिनों स्वीडन की खुफिया एजेंसियों ने कहा था कि ईरान से उसे धमकियां मिल रही हैं।

# कैब के अंदर छात्रा से रेप की कोशिश



**बेंगलुरु.** पूर्वी बेंगलुरु में सोमवार तड़के एक 24 वर्षीय कॉलेज छात्रा पर दो अज्ञात बदमाशों ने हमला कर दिया। उन्होंने एक कैब के अंदर छात्रा का रेप करने की कोशिश की। यह भयावह घटना सुबह 2 बजे से 3 बजे के बीच हुई, लेकिन स्थानीय लोगों की सतर्कता से अपराधी भागने पर मजबूर हो गए।

शिकायत के अनुसार, पीड़िता कम्मनहल्ली की निवासी है और एक निजी कॉलेज की छात्रा है। वह अपने दोस्त को व्हाइटफील्ड से घर लाने के लिए कैब बुक कर रही थी। रात करीब 2 बजे जब कैब पहुंची, तो वह बाहर आई और कार में बैठ गई। जैसे ही उसने दरवाजा बंद किया, दो अजनबी जबरदस्ती पीछे की सीट पर घुसने की कोशिश करने लगे।

### महिला को बचाने के लिए जुटे स्थानीय लोग

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, छात्रा और कैब चालक ने इस पर विरोध जताया, जिसके बाद दोनों बदमाशों से बहस होने लगी। खतरा भांपते ही छात्रा कार से उतरकर अपने घर की ओर भागने लगी। तभी एक हमलावर ने उसे पीछे से पकड़ लिया, गला दबाया और उसे जमीन पर गिरा दिया। पीड़िता के अनुसार, हमलावर ने उसे अपमानित करने की कोशिश की और यौन उत्पीड़न किया, जबकि दूसरा हमलावर कैब चालक से उलझा रहा।

छात्रा की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे, जिससे डरकर हमलावर वहां से भाग निकले। इसके बाद छात्रा ने तुरंत 112 हेल्पलाइन पर कॉल किया, जिससे होयसला पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। हालांकि, परीक्षा की वजह से छात्रा ने सुबह पहले अपना टेस्ट दिया और फिर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

# अडानी की दिग्गज कंपनी को बड़ा झटका

- 97% गिर गया प्रॉफिट, शेयर में भी बड़ी गिरावट



**मुंबई.** अडानी समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने आज गुरुवार 30 जनवरी को चालू वित्त वर्ष के लिए दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। दिसंबर 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही में कंपनी का मुनाफा लगभग समाप्त हो गया। अडानी एंटरप्राइजेज को दिसंबर तिमाही में ₹58 करोड़ का नेट प्रॉफिट हुआ है। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट ₹1,888 करोड़ था। यानी सालाना आधार पर कंपनी के प्रॉफिट में 97 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, दिसंबर तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 9 प्रतिशत घटकर 22,848 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल इसी तिमाही में यह 25,050 करोड़ रुपये था।

कंपनी ने ₹3,071 करोड़ का EBITDA दर्ज किया, जो सालाना आधार पर 5 प्रतिशत कम है। पिछले वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में यह 3,227 करोड़ रुपये था। तीसरी तिमाही में अन्य आय सालाना आधार पर 33 प्रतिशत बढ़कर ₹652 करोड़ हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में ₹490 करोड़ थी। इस बीच, कुल खर्च में साल-दर-साल 1 प्रतिशत की मामूली गिरावट देखी गई, जो अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में ₹22,925 करोड़ पर आ गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह ₹23,180 करोड़ था।

### कंपनी के शेयर

अडानी एंटरप्राइजेज का स्टॉक आज गुरुवार को 5 प्रतिशत गिरकर अपने दिन के निचले स्तर ₹2202 पर आ गया था। अडानी ग्रुप के शेयर में पिछले 1 साल में 25 फीसदी और जनवरी 2025 में अब तक 12 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आ चुकी है। वहीं, स्टॉक अब जून 2024 में अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर ₹3,743.00 से 41 प्रतिशत दूर है, इस बीच, यह नवंबर 2024 में दर्ज अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर ₹2,030 से 8.5 प्रतिशत बढ़ गया है।

# यमुना किनारे पहुंचे राहुल गांधी

- पूछा- केजरीवाल जी 2025 आ गया, डुबकी कब लगाएंगे

**नई दिल्ली.** दिल्ली चुनाव में यमुना नदी के प्रदूषण को लेकर विपक्षी दल आम आदमी पार्टी से सवाल कर रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुरुवार को यमुना नदी के तट पर पहुंचे। उन्होंने पूछा- केजरीवाल जी अब तो 2025 आ गया। आप यमुना में डुबकी कब लगाएंगे? दिल्ली इंतजार कर रही है।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म X पर एक 8 मिनट का यमुना नदी में जाने का वीडियो पोस्ट किया। इसमें उन्होंने यमुना में फैले प्रदूषण और कचरे को दिखाया। साथ ही स्थानीय लोगों से भी बातचीत की।

उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत की और पूछा यहां कितने लोग आते हैं। इस सवाल पर लोगों ने कहा कि पहले बहुत लोग आते थे, लेकिन अब पानी बहुत गंदा हो गया है, इसलिए कम ही लोग आते हैं और गंदे पानी में नहाते हैं।

राहुल ने कहा कि केजरीवाल ने पिछले चुनाव में कहा था कि वह यमुना में डुबकी लगाएंगे। इस बात को 5 साल हो चुके हैं। 2025 आ गया है, वह यमुना में डुबकी कब लगाएंगे। यमुना में कचरा है, प्रदूषण है। केजरीवाल ने यमुना के लिए कोई काम नहीं किया है।

## संक्षेप...

### नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न के दोषी को तीन साल के कैद

**ठाणे.** ठाणे के विशेष पॉक्सो अदालत के न्यायाधीश डी.एस. देशमुख ने मुंब्रा में 6 साल पहले एक नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न करने के जुर्म में दोषी पाए गए 51 वर्षीय एक व्यक्ति को तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. विशेष लोक अभियोजक संध्या एच. मात्रे ने अदालत को बताया कि पांच जुलाई, 2019 को जिस समय पीड़िता ठाणे के मुंब्रा इलाके में अपने स्कूल जा रही थी तभी आरोपी मोइज हातिम रामपुरवाला ने उसका पीछा किया और उसे अनुचित तरीके से छुआ. घटना के समय पीड़िता 13 वर्ष की थी और नौवीं कक्षा में पढ़ती थी.

# राज ठाकरे ने विधानसभा चुनाव परिणाम पर उठाए सवाल

## कहा- हमें वोट मिला, लेकिन हमारे तक पहुंचा नहीं, चुनाव न लड़ना ही ठीक है...



**मुंबई.** महाराष्ट्र के राजनीतिक गलियारे में हलचल मचाने वाले राज ठाकरे ने चुनाव के बाद अपनी चुप्पी तोड़ी है और कई जरूरी मुद्दों पर खुलकर अपनी राय व्यक्त की है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने वर्ली में पार्टी के राज्यस्तरीय सम्मेलन को संबोधित किया है। राज ने सम्मेलन के जरिए भारतीय जनता पार्टी को निशाने पर लिया है। इस दौरान राज ठाकरे ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं।

मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद कुछ चीजों पर विश्वास बैठ ही नहीं रहा है। विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद राज्य में अलग ही तरह का सन्नाटा पसरा था, ऐसा सन्नाटा कभी नहीं देखा। रिजल्ट के बाद जीते हुए कई लोगों ने मुझे फोन किया, उन्हें भी अपनी जीत पर भरोसा नहीं हो रहा था। वर्ली में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राज ठाकरे ने कहा कि लोगों ने हमें वोट दिया है, लेकिन हमारे तक नहीं पहुंचा, गायब हो गया। अगर ऐसा होता है, तो चुनाव न लड़ना ही ठीक है। कल्याण ग्रामीण सीट पर हमारे पार्टी के उम्मीदवार राजू पाटिल को उनके ही गांव में एक भी वोट नहीं मिला, जो वहां से विधायक रह चुके हैं। ऐसी अन्य कई चीजें हैं जिन पर विश्वास नहीं हो रहा है। लोगों में भी विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर संभ्रम है।

### कांग्रेस के 13 सांसद, लेकिन विधायक सिर्फ 15

विधानसभा चुनाव के नतीजों पर सवाल खड़े करते हुए राज ठाकरे ने कहा है कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में सिर्फ 4 महीने का अंतर था। चार महीने में लोगों का मन इतना कैसे परिवर्तित हो सकता है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के 13 सांसद चुनकर आए, लेकिन विधानसभा में सिर्फ 15 सीटें आई हैं। शरद पवार के 8 सांसद हैं, लेकिन विधायक सिर्फ 10 हैं। विधानसभा चुनाव से पहले लग रहा था कि अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के 4 से 5 विधायक चुनकर आएंगे। उन्हें सिर्फ 42 सीटें मिली हैं। 7 बार से चुनाव जीतकर आ रहे बालासाहेब थोरात 10 हजार वोट से चुनाव हार जाते हैं। जो जीतकर आए भी हैं, उन्हें भरोसा नहीं हो रहा है।

### नेताओं ने अपनी भूमिका बदली

मनसे प्रमुख ने पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने जो काम किए हैं, आंदोलन किया है और उसे लोगों तक पहुंचाने का कीजिए। नेताओं ने अपने-अपने निजी स्वार्थ के लिए अपना स्टैंड बदला है। मैंने कभी निजी स्वार्थ के लिए अपनी भूमिका नहीं बदली है। भाजपा ने भी अपनी भूमिका बदली, जम्मू कश्मीर में महबूबा मुफ्ती को समर्थन देकर सरकार बनाई। आरोप लगाया था कि ईडी पीछे लगी है और इसके लिए समर्थन दिया। मैं छत्रपति शिवाजी महाराज की शपथ लेकर सत्य स्थिति कहता हूं, हम 2008 में कोहिनूर डील से बाहर निकले थे। तब के हमारे एक तत्कालीन पार्टनर ने टैक्स नहीं भरा। भाजपा ने जिन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया, उन्हें ही साथ लेकर मंत्री पद दिया। अजित पवार, अशोक चव्हाण पर भ्रष्टाचार का आरोप है, लेकिन फिर उन्हें साथ लिया। हिमंत बिस्वा शर्मा पर आरोप लगाया,

# खाड़ी तटीय बाढ़ बांध के निर्माण की शुरुआत

- 24 करोड़ रुपए की लागत

## गांव के विकास के लिए राजनीति नहीं करें - पूर्व मंत्री कपिल पाटिल

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटिल ने कहा है कि सभी को राजनीति से परे हटकर गांव के विकास के लिए काम करने की जरूरत है. मैंने अपने कार्यकाल के दौरान इस गांव के लिए करोड़ों रुपये उपलब्ध कराए हैं. अब भले ही मैं पद पर नहीं हूं फिर भी मैं इसके लिए सहयोग करने के लिए तैयार रहूंगा. वे भिवंडी कल्याण सीमा पर कोनगांव में खाड़ी तट पर 24 करोड़ की लागत से बाढ़ निरोधक तटबंध के निर्माण के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे.इस अवसर पर सरपंच रेखा सदानंद पाटिल, उपसरपंच रेखा मुकादम, बालू पाटिल, राकेश पाटिल, प्रमोद पाटिल, चारुदत्त पाटिल, वरुण पाटिल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.



भिवंडी कल्याण सीमा पर कोनगांव खाड़ी के पास अवैध रेती खनन के कारण खाड़ी तट के व्यापक कटाव के कारण खाड़ी बेसिन का पानी कृषि क्षेत्र में प्रवेश कर गया है, जिससे कृषि को नुकसान हो रहा है.जिसके लिए मैंने 23 करोड़ 39 लाख रुपए मंजूर कराया था. पीडब्ल्यूडी विभाग बंदरगाह विभाग द्वारा बाढ़ नियंत्रण तटबंध का निर्माण किया जा रहा है.कोनगांव खाड़ी तट करीब 4 किलोमीटर लंबा है और यहां बांध बनाने की मांग कई सालों से हो रही है. मैंने इस कार्य की मंजूरी के लिए सभी जरूरत के व्यवहार को आगे बढ़ाया. पूर्व मंत्री पाटिल ने कहा कि,मैं दूसरों के काम का श्रेय नहीं लेता और मैं दूसरों को अपने काम का श्रेय लेने की अनुमति नहीं देता हूं.ग्राम पंचायत को क्रीक उद्यान के निर्माण के लिए पहल करनी चाहिए. गाँव के डेवलपर्स की मदद से पार्क बनाया जाय.

### पानसरे की हत्या के 6 आरोपियों को जमानत

**मुंबई.** बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता गोविंद पानसरे की हत्या केस के 10 साल बाद 6 आरोपियों को ज़मानत दी है। इन सभी आरोपियों को कोर्ट ने जेल में लंबी अवधि के आधार पर बेल दी है। आरोपियों को साल 2018 और साल 2019 के बीच अलग-अलग तारीखों पर गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने 12 दिसंबर 2024 को आरोपियों की ज़मानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित किया था।

16 फरवरी 2015 को कोल्हापुर में उस समय 82 वर्षीय पानसरे को गोली मार दी थी, जब वे सैर से लौट रहे थे। केस के दस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चल रहा है। मामले में दो शूटर अब भी फरार है।

# भिवंडी में एस.टी.किराया वृद्धि के खिलाफ उबाठा का प्रदर्शन

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** महाराष्ट्र सरकार द्वारा एस.टी. बस किराए में वृद्धि ने राज्यभर में विरोध की लहर पैदा कर दी है. भिवंडी में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी ने शहर जिला प्रमुख मनोज गगे और शहर प्रमुख प्रसाद पाटील के नेतृत्व में नाराजगी व्यक्त करते हुए बस डिपो पर जोरदार प्रदर्शन किया.

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और बढ़े हुए किराए को तुरंत रद्द करने की मांग की. आंदोलन में ठाणे ग्रामीण जिला सचिव जय भगत, तालुका सचिव दीपक पाटील, शहर जिला सचिव राजा पुण्यार्थी,महेंद्र कुंभारे, महिला संघटक वैशाली मेस्त्री, उपतालुका प्रमुख चक्रधारी पाटील, मोहन गायकवाड़, प्रेमनाथ म्हात्रे और रमेश गायकवाड़ समेत कई पदाधिकारी शामिल हुए. प्रदर्शन के बाद शिवसेना नेताओं ने किराया वृद्धि को रद्द करने का ज्ञापन डिपो प्रमुख को सौंपा. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि एस.टी.किराया वृद्धि से आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा, जिसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए.




# कोनगांव में 4 MLD पानी की मिली मंजूरी

## ग्रामीणों को पीने के पानी की समस्या होगी दूर



**भिवंडी.** भिवंडी तालुका स्थित कोन गांव में तेजी से बढ़ती आबादी के मद्देनजर ग्राम पंचायत क्षेत्र में पीने के पानी की मांग बढ़ रही है. पानी की समस्या को बेहद गंभीरता से लेते हुए जल आपूर्ति मंत्री गुलाबराव पाटिल की अध्यक्षता में हुई बैठक में जलजीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत क्षेत्र के लिए स्टेम प्राधिकरण द्वारा एक स्वतंत्र जलापूर्ति योजना को मंजूरी दी गई है. बैठक में शिवसेना विधायक शांताराम मोरे, शिवसेना नेता प्रकाश पाटिल, कोनगांव सरपंच रेखा सदानंद पाटिल, उपसरपंच रेखा नीलेश मुकादम, ग्राम पंचायत सदस्य दीपाली सचिन कराले, प्रमोद हनुमान पाटिल, हनुमान गणपत म्हात्रे उपस्थित थे.

गौरतलब हो कि जलापूर्ति मंत्री गुलाबराव पाटिल की अध्यक्षता में कोन गांव में चल रही जलजीवन मिशन अंतर्गत पानी योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई.उक्त बैठक में स्टेम प्रशासन ने कोनगांव के लिए एक अलग जल लाइन उपलब्ध कराने पर सहमति व्यक्त की. मंत्री गुलाबराव पाटिल ने प्रशासन को योजना का काम जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं.वर्तमान में कोनगांव की आबादी 50 हजार से अधिक हो गयी है.सरपंच ने कहा कि गांव को एमआईडीसी और एसटीईएम प्राधिकरण से लगभग 2 एमएलटी पानी मिलता है. नए निर्णय के साथ एसटीईएम से 4 एमएलडी और एमआईडीसी से 2 एमएलडी सहित कुल 6 एमएलडी पीने का पानी मिलेगा.

# एमसीएचआई-क्रेडाई का प्रापर्टी प्रदर्शनी 7 फरवरी से

- घर खरीदने वालों के लिए सुनहरा मौका
- इस साल हाईलैंड गार्डन मैदान में आयोजन

**ठाणे.** क्रेडाई-एमसीएचआई ठाणे की ओर से इस साल 7 से 10 फरवरी तक शहर स्थित हाईलैंड गार्डन मैदान में ठाणे प्रॉपर्टी एक्सपो-2025 आयोजित किया जाएगा।

ग्राहकों को एक ही छत के नीचे ठाणे शहर और जिले के सर्वश्रेष्ठ हाउसिंग प्रोजेक्ट में घर खरीदने का मौका मिलेगा।क्रेडाई-एमसीएचआई ठाणे के अध्यक्ष जितेंद्र मेहता ने आज बताया कि घर की कीमत का 20 प्रतिशत भुगतान करके घर खरीदने वाली प्यारी बहनों को विशेष छूट दी जाएगी। इस प्रदर्शनी में निःशुल्क प्रवेश व निःशुल्क पार्किंग रखी गई है और रेलवे स्टेशन से निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध रहेगी। क्रेडाई-एमसीएचआई द्वारा इस वर्ष ठाणे शहर में 22वीं प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। ठाणे प्रॉपर्टी एक्सपो ने ठाणे में प्रसिद्ध डेवलपर्स अग्रणी वित्तीय संस्थानों और रियल एस्टेट विशेषज्ञों के साथ-साथ उपभोक्ताओं के लिए सही मंच के रूप में खुद को स्थापित किया है।इस साल भी इस प्रदर्शनी में ग्राहकों के साथ निवेशकों को इनोवेटिव और अच्छे घर खरीदने का मौका मिलेगा।जो नागरिक घर खरीदना चाहते हैं उन्हें इस प्रदर्शनी में आना चाहिए और घर खरीदने का सपना पूरा करना चाहिए। क्रेडाई-एमसीएचआई ठाणे के अध्यक्ष जितेंद्र मेहता ने इस प्रदर्शनी में बिना कतार में लगे तुरंत प्रवेश के लिए https://lnkd.in/drry8Tpf लिंक पर मुफ्त पंजीकरण करने के लिए आवाहन किया है।




# 12 बांग्लादेशी घुसपैठिये गिरफ्तार

**मुंबई.** पुलिस के जोन 7 स्पेशल स्क्वॉड ने स्क्वॉड चीफ रेवानासिद्ध थेंगले के नेतृत्व में 12 बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है। ये घुसपैठिए वर्सोवा के खोजा गली से गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें एक ही परिवार के 10 लोग शामिल हैं। बीस वर्ष पहले इनमें से कुछ लोग बांग्लादेश से भारत में घुसपैठ करके आए थे। सभी घुसपैठियों से पुलिस ने पासपोर्ट, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड आदि दस्तावेज बरामद किए हैं। गिरफ्तार बांग्लादेशियों की पहचान रोहिमा शहाबुद्दीन खान, शकील कादर शेख, रुखसाना शकील शेख, वहीदुल फैजल खान, जैस्मीन वहीदुल खान, सिमरन वहीदुल खान, हसन अब्दुल राशिद खान, अब्दुल अजीज और अन्य के तौर पर हुई है। गिरफ्तार किए लोगों में 4 महिलाएं, 4 पुरुष और 4 बच्चे शामिल हैं। डीसीपी सर्किल-7 विजयकांत सागर के अनुसार कुछ दिन पहले भी इस टीम ने कई बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया था।


### आम सूचना

मैं श्रीमती दिलजीत अल्यास दतजीत कौर एस सांधू सभी को सूचित कर रही हूं कि हाउस, पंजाबी कालोनी, 300 चौ.फुट, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 27बीओ007576000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती मंजीत कौर पी. घोमान के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 26.9.2018 सी.नं. 350/18 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्रीमती दिलजीत अल्यास दतजीत कौर एस सांधू**

# आरोपी को भागने की कोशिश करने वाले के खिलाफ मामला



**कल्याण.** कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश किए गए एक आरोपी को उसका मित्र मिलने कचहरी आया था। पुलिस ने जब उसे कोर्ट रूम से हटाने का प्रयास किया तो उसने पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की और सरकारी काम में बाधा पहुंचाई, इसलिए पुलिस ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पूरी घटना मंगलवार दोपहर करीब 12:30 बजे न्यायाधीश पत्रावले के न्यायालय कक्ष के बाहर घटी। कांस्टेबल मच्छिंद्र माली ने इस घटना के संबंध में महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

अपराधी के रूप में पंजीकृत व्यक्ति का नाम सुजीत उत्तम गुप्ता (19, निवासी भोसले नगर, बदलापुर) है। वह एक मछली विक्रेता है. थाने में दर्ज शिकायत में कांस्टेबल माली ने कहा है कि नागेश चंद्रकांत डांडे (27) को मंगलवार को पुलिस सुरक्षा में कल्याण कोर्ट में पेश किया गया था। बदलापुर में रहने वाला उसका दोस्त सुजीत गुप्ता नागेश से मिलने कचहरी आया था। पुलिस नागेश दांडे को बुलाए जाने पर उसे अदालत कक्ष के बाहर पेश करने के लिए तैयार थी। इस समय वे पुलिस सुरक्षा से घिरे हुए थे।

नागेश को देखते ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस ने पाया कि सुजीत गुप्ता किसी तरह की हरकत कर रहा था, इशारों के जरिए उससे बात करने की कोशिश कर रहा था। यह देखकर पुलिस अधिकारी सोलंके ने सुजीत गुप्ता को समझाया और वहां से चले जाने को कहा। क्रोधित होकर गुप्ता ने अदालत में पुलिस अधिकारी सोलंके और कांस्टेबल माली के साथ बहस की, उन्हें धक्का दिया और गाली दी। गुप्ता ने आरोपियों को भगाने के लिए पुलिस के साथ धक्का-मुक्की कर हंगामा खड़ा कर दिया। पुलिस ने गुप्ता के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने का मामला दर्ज किया है।

STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

# श्री कालभैरव मंदिर में हल्दी-कुमकुम समारोह का आयोजन


**भिवंडी.** ब्राह्मण आली स्थित तिलक चौक मित्र मंडल महिला विभाग द्वारा श्री कालभैरव मंदिर में हल्दी-कुमकुम समारोह का आयोजन.किया. मकर संक्रांति अवसर पर आयोजित हल्दी कुकुम समारोह में समाजसेविका मेघना महेश चौगुले, शीतल देशमुख, पूर्व पार्षद सविता सुरेश कोंडलेकर, सुगंधा टावरे और ज्योत्स्ना सोनटक्के की विशेष उपस्थिति रही.कार्यक्रम में लगभग 800 महिलाओं ने भाग लिया.प्रत्येक महिला को हल्दी-कुमकुम के साथ शक्कर का पैकेट भेंट स्वरूप दिया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडल की अध्यक्षा अपर्णा वगल, रोमा आळशी, भावना पोतदार, जयश्री पिंपले, नीता भोईर आदि महिलाओं का सराहनीय प्रयास रहा.शहर में इस अनूठे कार्यक्रम की प्रशंसा हो रही है.




### मां ने 3 साल के बेटे पर दिखाई हैवानियत

**मुंबई.** तीन साल के एक बच्चे को उसकी मां द्वारा कथित तौर पर मारपीट करने के बाद गंभीर चोटों के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसने कथित तौर पर उसे प्लास्टिक के पानी के पाइप से कई बार मारा. बच्चे की पीठ, गर्दन, कंधे और कान पर चोटें आईं. लड़के के पिता मैसाद खान, 22, ने अपनी पत्नी गुड़िया बानू खान, 25, के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि उसने उनके बेटे के साथ मारपीट की. अपने पुलिस बयान में, मैसाद ने बताया कि विवाद 26 जनवरी को शुरू हुआ जब गुड़िया ने उससे अपने और अपने बेटे को बाहर घुमाने के लिए ले जाने की मांग की. इस पर बहस हुई, जिसके बाद मैसाद काम पर चला गया. एक पड़ोसी ने फोन करके बताया कि गुड़िया ने उनके बेटे को पानी के पाइप से पीटा है.

# मिथुन को ऑफर हुआ ओशो रजनीश का रोल




**बॉ**लीवुड के दिग्गज एक्टर मिथुन चक्रवर्ती ने हाल ही में मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि क्या वो आध्यात्मिक गुरु ओशो रजनीश का किरदार निभाएंगे। मीडिया से बातचीत के दौरान उनसे उनके ओशो जैसे दिखने पर सवाल किया गया। साथ ही, उनसे पूछा गया कि क्या वो ओशो का रोल निभाएंगे? इसपर मिथुन ने बताया कि उन्हें ओशो का रोल ऑफर हुआ है, लेकिन अभी कुछ भी कंफर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि मैं उनके जैसे दिखता हूं, लेकिन ये आसान नहीं होगा।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, सवाल का जवाब देते हुए मिथुन चक्रवर्ती ने कहा, ₹आपने इतनी बड़ी बात कह दी है। अब मैं आपको क्या बताऊं? इस फिल्म के चीफ एडिटर, द कश्मीर फाइल्स की शूटिंग के दौरान मैंने अपनी कुछ तस्वीरें ली थीं। मैं एक मूड में बैठा था, आसपास आसमान और सबकुछ था, और उन्होंने (फिल्म के चीफ एडिटर) कहा कि मैं ओशो की तरह दिखता हूं। मुझे ओशो रजनीश का रोल ऑफर भी हुआ है। लेकिन अभी कुछ भी कंफर्म नहीं है क्योंकि फिल्म को बनने में पांच से छह साल लगेंगे। ये बिल्कुल पर्फेक्ट चुनाव है और विवेक (विवेक अग्निहोत्री) चाहते हैं मैं रोल प्ले करूं। एक और व्यक्ति ने भी मुझे ओशो का रोल ऑफर किया है। मैं शायद यह प्रोजेक्ट ले लूं, लेकिन जब आप हां कहते हैं, आपको हर चीज देखनी पड़ती है क्योंकि ये बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। अपने फॉलोअर्स के लिए ओशो एक जीवित भगवान की तरह हैं। ये आसान नहीं है, लेकिन लोग कहते हैं मैं उनके जैसा दिखता हूं। वो बहुत महान आदमी थे, और उनका मैं बहुत सम्मान करता हूं।₹

### रोमांटिक फिल्में करेंगे मिथुन?

उनसे जब पूछा गया कि क्या उन्हें कभी लगा कि खुद के लिए उन्हें एक रोमांटिक फिल्म बनानी चाहिए? मिथुन ने कहा, "बिल्कुल भी नहीं। मैं बहुत प्रैक्टिकल इंसान हूं। वक्त के साथ मैं बदल गया हूं। मैं अपनी उम्र के हिसाब से खुद को ढाल लेता हूं। इस स्तर पर मैं एक पारंपरिक फिल्म नायक नहीं हूं। मैंने बंगाली सिनेमा में प्रोजापोती जैसी फिल्में की हैं। तो मैं खुद को फिल्म मास्टर मानता हूं।"

उल्हास वि NEWS LIVE
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985

Late Shri. ASHOK U. BODHA 18-02-1945 to 19-12-2017
www.ulhasvikas.com
epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099